संख्या जेड-25011/03/2019-सामान्य

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानदिशालय

(सामान्य अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली- 110011

दिनांक: 24 सितम्बर, 2019

<u>परिपत्र</u>

विषय:- विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान करने के संबंध में।

माननीय प्रधान मंत्री द्वारा परिकल्पित स्वस्थ भारत पहल के क्रम में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय अपने तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्टाफ में जागरूकता पैदा करने के लिए **विषय आधारित स्वास्थ्य संबंधी वार्तालाप** का आयोजन कर रहा है। विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले इन व्याख्यान का उद्देश्य देश में विभिन्न जन स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम और निपटान हेतु आम आदमी को संवेदनशील बनाना है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने परिजनों और परिचितों को बीमारियों से रोकथाम के उपायों और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करें। पर्चे आदि के रूप में आईईसी सामग्री भी उपलब्धि के अनुसार प्रदान की जाएगी।

2. **स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की महत्ता को ध्यान में रखते हुए रिसोर्स सेंटर, कमरा सं. 445-ए, निर्माण भवन, नई दिल्ली में दिनांक 26 सितम्बर, 2019 और 03 अक्टूबर, 2019 को, दो चरणों में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार एक शिविर का आयोजन किया जाएगा:**

विषय	समय	जांच	संकाय
सामान्य स्वास्थ्य जांच	सायं 03.00 से 05.00 बजे तक	1. वजन 2. ऊंचाई 3. बीएमआई 4. रक्तचाप 5. रैंडम ब्लड शुगर 6. ईसीजी	**<u>डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली</u>** i) डॉ. तरूण कुमार, असोसिएट प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी ii) डॉ. प्रताप सिंह, असोसिएट प्रोफेसर (मेडिसिन) iii) डॉ. बादल बनकर, एसआर (कार्डियोलॉजी) iv) श्री अनिल कुमार सैनी, नर्सिंग अधिकारी v) श्री राम स्वरूप, नर्सिंग अधिकारी vi) सुश्री नेहा कुमारी, वरि. ईसीजी तकनीशियन vii) श्री योगेश शर्मा, प्रयोगशाला तकनीशियन

3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समस्त स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रक अधिकारियों की अनुमति लेकर उपर्युक्त कार्यक्रम में शामिल हों।

4. समय की कमी के कारण उपर्युक्त स्थान पर केवल 50 पूर्व-पंजीकृत स्टाफ सदस्यों की स्क्रीनिंग की जाएगी। पंजीकरण फॉर्म, दिनांक 25.09.2019 तक श्री मनोज कुमार प्रसाद, एएसओ, एसीआर प्रकोष्ठ, कमरा सं. 554 'ए' विंग, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन (संपर्क सं. 7982500571) से लिया जा सकता है।

तनु जैन

(डॉ. तनु जैन)

सहायक महानिदेशक (टीजे)

सेवा में,

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी स्टाफ।